**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 28 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- भारत से विभिन्न देशों में गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया को पाकिस्तान समर्थित आंतकवाद की कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति के बारे में बताया।

  हरियाणा में कोविड पाज़िटिव मामलों की गिनती 16 हुई स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिक अस्पतालों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

  हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हुई हिसार ,फरीदाबाद सहित विभिन्न स्थानों पर प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।

  हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने यमुना कैचमेंट क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

  मौसम विभाग ने हरियाणा में कल और परसों बारिश होने की संभावना जताई।

*****************************************************************************

जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगवाई में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंच कर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के बारे बताया और आंतकवाद के खिलाफ भारत का संदेश दिया। इस दौरान श्री झा ने कहा है कि भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति है।

***<u>सारी पार्टी एक साथ खड़ी हैं इस लड़ाई में। देश ने भी लोग मान लिया है इनफ-इज-इनफ हो गया। अब अगर इस तरह का घटना होगा तो हम केवल नोट एक्सचेंज नहीं करेंगे। इंफोरमेशन शेयर नहीं करेंगे। अग्रेंजी ...... यह एक रिजोल्व लेकर के गए हैं। दुनिया में भी हम लोग जाकर ये बता रहे हैं।</u>***

-

इस प्रतिनिधिमंडल ने अंतर संसदीय सहयोग समिति के उपाध्यक्ष मुहम्मद हुसैन फदलुल्लाह और इंडोनेशिया-भारत संसदीय मित्रता समूह के अध्यक्ष मुहम्मद रॉफीक से मुलाकात की।

शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने कांगो की यात्रा समाप्त कर सिएरा लियोन के लिए प्रस्थान किया है। श्री शिंदे ने कहा है कि दुनियाभर ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारत के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

***<u>पहलगाम हमला जब हुआ इसमें 27 लोगों की जान गई। ये जब हमने उनको बताया तो उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट की और ताकत के साथ हम भारत के साथ खड़े हैं। ऐसा निश्चिय ले के किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये हरकत पाकिस्तान ने की है वो अलग-अलग फोरम पर जा कर पूरी दुनिया को बताने का काम भी वो करेंगे।</u>***
उधर भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में सभी दलों का संसदीय शिष्टमंडल रोम पहुंच गया है। यह शिष्टमंडल ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का मजबूत और एकजुट संदेश पहुंचाएगा।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय शिष्टमंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की। इस दौरान श्री थरूर ने कहा कि भारत को युद्ध छेडने में कोई दिलचस्पी नहीं थी लेकिन ऐसा महसूस किया गया कि आतंकवाद से जुडी हरकतों का उचित दंड अवश्य दिया जाना चाहिए।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चन्द्र पवार गुट की नेता सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल दक्षिण अफ्रीका पहुंचा। वहां श्रीमती सुले ने आतंकवाद को बर्दाश्त न करने की भारत की नीति की व्याख्या की।
************************************************************************************

हरियाणामें कल कोविड के 3 नए मामले मिलने पर अब तक प्रदेश में मिले कोविड पाज़िटिव मामलों की गिनती 16 हो गई है। इनमें से अभी तक 12 मरीज स्वस्थ नहीं हुए हैं।कल फारीदबाद में एक और गुरुग्राम में 2 नए कोविड मरीज मिले थे।हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर एड्वाइज़री जारी की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी नागरिक अस्पतालों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिस पर अमल शुरू हो गया है।हिसार की सिविल सर्जन डॉक्टर सपना गहलावत ने बताया हिसार के नागरिक अस्पताल में सभी डॉक्टर्स व पैरा मेडिकल स्टाफ को कोरोना से बचाव के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने लिए कहा गया है। उन्होंने बताया -

उन्होंने आमजन से अपील की है कि वो भीड़ भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।घर में किसी सदस्य को खांसी बुखार जुकाम है तो अपनी जांच अवश्य करवाएं।उन्होंने कहा कि जिस वेरिएंट के मरीज मिले हैं उसके लक्षण खांसी,बुखार जुकाम जैसे ही हैं।

************************************************************************************
प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट <u>newsonair.gov.in</u> पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।
************************************************************************************
हरियाणा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हिसार फरीदाबाद सहित विभिन्न स्थानों पर प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं।हिसार में आयोजित तीन दिवसीय डीपीई , पीटीआई तीन

दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। यह शिविर आयुष विभाग हिसार की ओर से आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक पूजा ने बताया कि-

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन का उद्देश्य है कि आने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चे पूरी एकरूपता के साथ योगाभ्यास करें।इस शिविर में लगभग 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

********************************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज चंडीगढ़ में यमुना कैचमेंट क्षेत्र में इस समय चल रही और नजदीक भविष्य में शुरू होने वाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने परियोजनाओं की कड़ी निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए, वे सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कॉमन सीईटीपी परियोजनाओं की स्थिति की हर दो सप्ताह में समीक्षा करें।उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण उपायों को मजबूती देने के लिए, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।बैठक में बताया गया कि यमुना कैचमेंट एरिया में प्रदेश में सीवेज उपचार का सुव्यवस्थित ढांचा है।

********************************************************************************

हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण कल व परसों पूरे प्रदेश में बारिश हो सकती है।मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र ने हरियाणा में बादल छाए रहने और गरज व चमक के साथ 40 -50 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ़्तार से हवाएं चलने की संभावना भी जताई है।
भिवानी के मौसम वैज्ञानिक देवी लाल ने बताया -

********************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने 2025-26 खरीद सीजन के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि इस फैसले से केंद्र सरकार की किसानों के कल्याण और भारत के कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की अटूट प्रतिबद्धता झलकती है।श्री राणा ने चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, हरियाणा और पूरे देश के किसानों को पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला मोदी सरकार की हमारे मेहनती किसानों को उचित मुआवजा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार राज्य के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जो सभी अधिसूचित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ एमएसपी और मजबूत खरीद तंत्र हरियाणा की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है।

************************************************************************************

जम्मू कश्मीर में तैनात कैथल के ग्रेनेडियर गुरमीत सिंह को आज उनके पैतृक गांव करोड़ा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके पार्थिव शरीर को बड़े भाई मनदीप ने मुखाग्नि दी। कैथल के उप मंडलीय मजिस्ट्रेट अजय कुमार जांगड़ा, जिला सैनिक बोर्ड, पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी, 20 ग्रेनेडियर से सूबेदार विजय सिंह व सहनीय नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दो दिन पूर्व उनकी तबीयत खराब होने के कारण उन्हें दिल्ली के आर आर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सात साल की सेवा के बाद गुरमीत सिंह ने दिल्ली के आरआर अस्पताल में अंतिम सांस ली। गुरमीत सिंह 2017 में सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे व इन दिनों श्रीनगर में 20वीं बटालियन ग्रेनेडियर रेजिमेंट में तैनात थे।